**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**08.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे**

**बिलासपुर हादसा**

बिलासपुर जिले के झंडुता उपमंडल के तहत भल्लू पुल के समीप कल हुई बस दुर्घटना में मृतकों की संख्या 15 हो गई है, जबकि दो घायल हैं। इस हादसे में एक बच्चा अभी भी लापता है। बारिश के बावजूद राहत व बचाव कार्य जारी है।

*हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला के झंडुता उपमंडल में भल्लू पुल के पास निजी बस पर पहाड़ी से भारी मलवा और पत्थर गिरने से बस पूरी तरह मलबे में दब गई। इस हादसे में ड्राइवर कंडक्टर सहित 15 लोगों की मृत्यु हो गई है इस घटना के समय बस में करीब 17 लोग सवार थे। इस हादसे में दो बच्चों को राहत में बचाव दल द्वारा सुरक्षित निकालकर उपचार के लिए एम्स बिलासपुर में भर्ती करवाया गया है वही एक 8 वर्षीय बच्चे के लापता होने की आशंका जताई गई है। एसएचओ थाना तलाई राकेश कुमार ने बताया कि वह घटनास्थल पर मौजूद है और लगातार बारिश के बावजूद पुलिस एनडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन के जवान सर्च ऑपरेशन में जुटे हैं और लाभ बच्चों की तलाश की जा रही है। रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला*

**हादसा संवेदना**

इस बीच बिलासपुर बस हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुख जताते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन के कारण हुई इस बस दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यू का समाचार अत्यंत दुखद है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे में हुई जानमाल की हानि पर शोक व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य होने की भी कामना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से हर मृतक के परिजनों को दो–दो लाख जबकि घायलों को 50–50 हजार रूपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। गृह मंत्री अमित शाह व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा समेत अन्य नेताओं ने भी हादसे पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस बस दुर्घटना पर दुख जताते हुए हादसे के पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा दिया है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने दुर्घटना पर दुख जताते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

**प्रधानमंत्री – आईएमसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह नई दिल्ली के यशोभूमि में नौवीं भारत मोबाइल कांग्रेस का उद्‌घाटन करेंगे। इसका आयोजन दूरसंचारविभाग और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने संयुक्त रूप से किया है। भारत मोबाइल कांग्रेस का विषय–इनोवेट टू ट्रांसफॉर्म है। यह आयोजन डिजिटल परिवर्तन और सामाजिक प्रगति के लिए नवाचार को बढ़ावा देने के प्रतिभारत की वचनबद्धता का परिचायक है।

**कुल्लू दशहरा**

लंका दहन की रस्म पूरी करने के साथ ही कुल्लू का अंतरराष्ट्रीय सात दिवसीय दशहरा उत्सव आज संपन्न हो जाएगा। भगवान रघुनाथ जी को दोपहर बाद उनके अस्थायी शिविर से रथ में बिठाकर लंका दहन के लिए ले जाया जाएगा। उसके बाद वे अपने मंदिर लौट आएँगे।

***देव समागम कुल्लू दशहरे का आज अंतिम दिन है स सप्ताह भर चला कुल्लू दशहरा आज लंका दहन की रस्म पूरी करने के साथ ही समाप्त हो जाएगा तथा भगवान रघुनाथजी को दोपहर बाद उनके अस्थाई शिविर से रथ बिठा कर लंका दहन के लिये ले जाया जाएगा । उसके बाद वे आज अपने सुल्तानपुर स्थित मंदिर वापिस लौट आएँगे स इस बार मेले में जिला भर के लगभग 300 देवी –देवताओ ने भाग लेकर उत्सव की शोभा बढ़ाई है। आपदा के चलते खर्चो में कटौती करने के उद्देश्य से न तो विदेशी सांस्कृतिक दलों और न ही प्रदेश से बाहर के दलों को आमंत्रित किया गया था स इस बार प्रदेश व् स्थानीय लोक कलाकारों ने ही अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए । आकाशवाणी समाचार के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा।***

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में आज चौथे दिन भी वर्षा जबकि उंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी का दौर जारी है। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट के चलते लोगों को ठंड का अहसास हो रहा है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है।

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.....**

आज सभी समाचार पत्रों ने बिलासपुर बस हादसे को अपनी सचित्र खबर बनाया है। अमर उजाला की सुर्खी है–**बरठीं में पहाड़ से बस पर गिरीं चट्टानें, 15 की मौत, एक लापता, भाई–बहन सुरक्षित।**

दैनिक भास्कर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–**अब तक नहीं मिला पीएम की ओर से घोषित 1500 करोड़ रूपये का पैकेज।** जबकि हिमाचल दस्तक का कहना है–**इसी महीने गठित होगा कांग्रेस का नया संगठन।** दैनिक जागरण के अनुसार–**मुख्यमंत्री का अफसरशाही को कड़ा संदेश, जो अच्छा काम करेगा ईनाम मिलेगा।** पंजाब केसरी ने खबर दी है–**200 मैडिकल ऑफिसर, 38 सहायक प्रोफैसर व 400 स्टाफ नर्स की नियुक्ति को मंजूरी।** मौसम पर दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–**अक्तूबर में ही दिसंबर जैसी ठंड।**

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है सुबह 11 बजे। नमस्कार।

———————————